महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह 2022

सूत्रवाक्य : मानवता के लिए योग

प्रतिवेदन

- आज़ादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत के 75 प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह वर्षा की संभावना के कारण **अटल बिहारी वाजपेयी भवन** के 06 हालों में सम्पन्न हुआ।
- आभासी माध्यम से भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों/शोधार्थियों ने लाभार्जन किया। भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुरूप विश्वविद्यालय ने **अटल बिहारी वाजपेयी भवन के 06 हालों में एलईडी स्क्रीन, योगकर्ताओं के योगाभ्यास हेतु योगमैट तथा श्रवण हेतु समस्त संसाधनों की व्यवस्था की गयी थी।**
- सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में **विश्वविद्यालय के 280 शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों/शोधार्थियों** ने प्रतिभागिता कर आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकाल का पालन करते हुए विभिन्न प्रकार के आसनों एवं प्राणायाम का अनुशासनबद्ध तरीके से योगाभ्यास किया।
- सामूहिक योगाभ्यास में **180 पुरुष 100 नारी शक्ति ने सहभागिता की**।
- आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2022 को प्रात: 05.50 पर सभी प्रतिभागीगण कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए।
- **प्रात: 06.00 से 06.40 बजे तक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रमौलि चैरीटेबल ट्रस्ट,** वाराणसी की सहसंस्थापक तथा प्रख्यात संस्कृत साधिका **सुश्री लूसी गेस्ट** एवं योग संस्कार संस्थान, नागपुर के योग प्रशिक्षक श्री **मुकुल गुरु** का स्वागत तथा उक्त अतिथियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुपालन में कार्यक्रम संचालित किए गए।
- **प्रात: 06.40 से 07.00 बजे तक माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन से समस्त प्रतिभागियों ने मार्गदर्शन प्राप्त किया।**
- प्रात: 07.00 से 07.45 बजे तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार **योगांगों यथा आसन तथा प्राणायाम का अभ्यास समस्त प्रतिभागियों द्वारा किया गया।**
- **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2022 की संपूर्ति प्रात: 07.46 पर राष्ट्रगान के साथ हुई।**
- इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विश्वविद्यालय के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया।
- विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने समस्त शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों, अधिकारियों, तथा विद्यार्थियों/शोधार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया।

कक्ष क्रमांक : 01   प्रतिभागी संख्या : 37

कक्ष क्रमांक : 02 प्रतिभागी संख्या : 44

कक्ष क्रमांक : 03 प्रतिभागी संख्या : 54

कक्ष क्रमांक : 04 प्रतिभागी संख्या : 39

कक्ष क्रमांक : 05   प्रतिभागी संख्या : 38

कक्ष क्रमांक : 06   प्रतिभागी संख्या : 27